# प्रकरण ३ भारतीय सुरक्षा व्यवस्था

भारत के प्रत्येक भूभाग की सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार की है । राष्ट्रपति भारत के तीनों सेनादलों के सर्वोच्च सेनापति होते हैं । केंद्रीय मंत्रिमंडल के रक्षा मंत्री रक्षा मंत्रालय के प्रमुख होते हैं । प्रधानमंत्री को सुरक्षा के बारे में सलाह देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होते हैं ।



## रक्षा मंत्रालय और उसके विभाग

स्वतंत्रता के बाद रक्षा मंत्रालय की निर्मिति की गई । रक्षा मंत्रालय को प्राप्त संसाधन से शासकीय नीति को दिशा देना और मान्य कार्यक्रमों को प्रत्यक्ष में कार्यान्वित करना इस मंत्रालय का कार्य है ।

- **सुरक्षा विभाग :**

  सेनादल से संबंधित कार्य, सुरक्षा बजट, सुरक्षा नीति, संसदीय कामकाज की सुरक्षा के संदर्भ में विदेशों से सहयोग आदि विभाग रक्षा विभाग में आते हैं ।

- **सुरक्षा उत्पादन विभाग :**

  यह विभाग प्रमुखतः तीनों सुरक्षा दलों तथा विभागों को लगने वाले अलग-अलग उत्पादनों से संबंधित है । उसमें सुरक्षा उत्पाद कारखाने, सुरक्षा सामग्री, सार्वजनिक उत्पाद मंडल, अलग-अलग सामग्री तथा उनके अलग-अलग पुर्जे, सुरक्षा के संबंध में आयात सामग्री का स्वदेशीकरण (भारतीयकरण) आदि विभागों का नियोजन और नियंत्रण का समावेश है ।

- **सुरक्षा अनुसंधान और विकास विभाग :**

  अलग-अलग सुरक्षा सामग्री तथा उसके उत्पादन के संबंध में वैज्ञानिक जानकारी के बारे में भारत सरकार को सलाह देना, इस विभाग का कार्य है ।

- **निवृत्त सैनिक कल्याण विभाग :**

  तीनों सेनादलों के निवृत्त सैनिक (अवकाश प्राप्त), अधिकारी तथा अन्यों का निवृत्तिवेतन (पेंशन), कल्याण और पुनर्वसन आदि कार्य इस विभाग के द्‌वारा किए जाते हैं ।

- **सैन्य व्यवहार विभाग :**

  यह विभाग थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना; रक्षामंत्रालय के एकात्मिक मुख्यालय; क्षेत्रीय सेना (टेरिटोरियल आर्मी) से संबंधित एवं संदर्भित कार्य करता है । यह विभाग तीनों सेवाओं की संयुक्तता को प्रोत्साहित करता है ।

## ❍ सेनादल :

सुरक्षा मंत्रालय के अंतर्गत प्रमुख रूप से तीन सशस्त्र सेनादलों का अंतर्भाव होता है, जैसे–

- थलसेना
- नौसेना
- वायुसेना

सेनादल का बाह्य आक्रमण से देश की संप्रभुता की रक्षा करना प्राथमिक कार्य है । इसी प्रकार समय–समय पर निर्माण होने वाले खतरे/धोखा अथवा प्राकृतिक आपदा, हड़ताल और अशांति के समय शासन को सहयोग करना सेनादल का कार्य है ।

## ❍ सेनादल के विविध पद :

| RANKS IN ARMY NAVY AND AIR FORCE AND THEIR EQUIVALENT | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **Army** | **Navy** | **Air Force** | |
| 1 | Field Marshal<br>फील्ड मार्शल | Admiral of the Fleet<br>ऐडमिरल ऑफ द फ्लीट | Marshal of the Air Force<br>मार्शल ऑफ द एअर फोर्स | |
| 2 | General<br>जनरल | Admiral<br>ऐडमिरल | Air Chief Marshal<br>एअर चीफ मार्शल | Chiefs of Army, Navy and Air Staff<br>थल सेना, नौसेना और वायुसेना प्रमुख |
| 3 | Lieutenant General<br>लेफ्टिनेंट जनरल | Vice Admiral<br>व्हाईस ऐडमिरल | Air Marshal<br>एअर मार्शल | |
| 4 | Major General<br>मेजर जनरल | Rear Admiral<br>रिअर ऐडमिरल | Air Vice Marshal<br>एअर व्हाईस मार्शल | |
| 5 | Brigadier<br>ब्रिगेडियर | Commodore<br>कोमोडोर | Air Commodore<br>एअर कोमोडोर | |
| 6 | Colonel<br>कर्नल | Captain<br>कैप्टन | Group Captain<br>ग्रुप कैप्टन | |
| 7 | Lieutenant Colonel<br>लेफ्टिनेंट कर्नल | Commander<br>कमांडर | Wing Commander<br>विंग कमांडर | |
| 8 | Major<br>मेजर | Lieutenant Commander<br>लेफ्टिनेंट कमांडर | Squadron Leader<br>स्क्वाड्रन लीडर | |
| 9 | Captain<br>कैप्टन | Lieutenant<br>लेफ्टिनेंट | Flight Lieutenant<br>फ्लाईट लेफ्टिनेंट | |
| 10 | Lieutenant<br>लेफ्टिनेंट | Sub Lieutenant<br>सब लेफ्टिनेंट | Flying Officer<br>फ्लाईंग ऑफिसर | |

# INDIAN ARMY RANK INSIGNIA: OFFICERS


General


Lieutenant General


Major General


Brigadier


Colonel


Lieutenant Colonel


Major


Captain


Lieutenant

# INDIAN ARMY RANK INSIGNIA: JCO/NCO/JAWANS


Subedar Major


Subedar


Naib Subedar


Regimental Havildar Major


Regimental Quarter Master Havildar


Company Havildar Major


Company Quarter Master Havildar


Havildar


Naik


Lance Naik

# INDIAN AIRFORCE RANKS




# INDIAN NAVY RANKS



### ❍ अद्‌र्ध सैनिक बल

सैनिकी सेनादल की तुलना में अद्‌र्ध प्रशिक्षित, मर्यादित सुरक्षा कार्य करने वाले सेनादल याने अद्‌र्ध सैनिक सेनादल है । इनकी संघटनात्मक रचना, युद्‌धनीति, प्रशिक्षण, सहसंस्कृति और कार्य, नियमित सैनिकों के समान ही होते हैं परंतु वे देश के नियमित सेनादल का हिस्सा नहीं होते हैं । जैसे– राष्ट्रीय राइफल्स, असम राइफल्स् आदि ।

## उपक्रम

१. अवकाश प्राप्त सेना प्रमुख (अधिकारी) अथवा भारतीय सेना तथा उनके अनुभवों के बारे में निम्नांकित मुद्‌दों के आधार पर साक्षात्कार लीजिए ।

(अ) सेना अधिकारी (प्रमुख) अथवा सैनिक का नाम/पद

................................................................................

................................................................................

(ब) शिक्षण-प्रशिक्षण

................................................................................

................................................................................

................................................................................

(क) सेनादल का कार्यकाल

................................................................................

................................................................................

(ड) सेनादल की जिम्मेदारी

................................................................................

................................................................................

(इ) विशेष अनुभव

................................................................................

................................................................................

(ई) युवकों के लिए संदेश

................................................................................

................................................................................

................................................................................

२. सशस्त्र सेनादल के संकेत स्थलों को भेट दें । अपनी रुचि के अनुसार किसी थल सेना के बारे में अधिक जानकारी संकलित कीजिए ।

३. किसी एक शौर्यपदक विजेता की जानकारी संकेत स्थल से प्राप्त करके लिखिए :

JB3IVD